# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## दिसम्बर 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

## अवैध रूप से खुले मे चिकन मटन दुकान पर  की गई कार्यवाही

भिलाईनगर। निगम द्वारा चलाये जा रहे बेदखली अभियान सोमवार को खुले में अवैध रूप से संचालित चिकन मटन के दुकान, चौक चौराहों पर ठेला व पसरा लगाने वाले तथा जीई रोड किनारे सामान घेरकर सड़क बाधा करने वालों के विरूद्ध चला। शीतला काम्पलेक्स पावर हाउस क्षेत्र के कसाई मोहल्ले में नाली के उपर टीन शेड डाल कर किये गये अवैध निर्माण को राजस्व अधिकारी व जोन आयुक्त की उपस्थिति में जेसीबी से ध्वस्त किया गया तथा जीई रोड में लम्बे समय से लगे प्रचार-प्रसार के गेट को हटाया गया। नगर पालिक निगम, भिलाई की बेदखली टीम सोमवार को साक्षरता चौक से सर्विस रोड पर विक्रय के लिए खड़े किए गए गाड़ी को हटवाया, एक आटो एजेंसी द्वारा इलेक्ट्रिकल विकल प्रदर्शन के लिए अस्थायी छतरी डाल सड़क बाधा कर रखे थे, उसे जप्त कर रास्ते के आवागमन को खोला  गया। पावर हाउस सब्जी मार्केट में पुराना रोजगार कार्यालय के सामने लगे अस्थायी शेड को स्वयं से हटाने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी सहमति दी है। निगम को कसाई मोहल्ला पावर हाउस में नाली के उपर ईट व टीन से शेड बनाने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिससे नाली के सफाई में भी बाधा आ रहा था। जिसे पुलिस बल की उपस्थिति में शेड तथा सीमेंट टंकी जो नाली के उपर बना था उसे जेसीबी से ध्वस्त किया गया।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# निगम परिसर में शपथ ग्रहण का सीधा प्रसारण किया गया

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ राज्य के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, निर्वाचित विधायक एवं आम नागरिको की उपस्थिति में रायपुर के सांईस का◌ॅलेज मैदान में राज्यपाल विश्वभूषण हरि चंदन ने मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। जिसका निगम प्रशासन में सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद के सदस्य साकेत चंद्राकर, संदीप निरंकारी, पार्षद हरिओम तिवारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी सहित सभी विभाग प्रमुख एवं अधिकारी कर्मचारी शपथ ग्रहण समारोह के लाईव टेलिकास्ट में उपस्थित रहे।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# नाली के समानांतर बिछाए गये पाईपलाइन को बदलने भेजा जायेगा प्रस्ताव

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन मकान को तत्काल पूर्ण कर एजेंसी निगम को सौंपे ताकि हितग्राहियों को आबंटित किया जा सके। नाली के समानांतर बिछाए गए पेयजल पाइपलाइन को बदलने सर्वे कर शासन को भेजे जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण को रोकने मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रसारित करने वाले डीजे संचालक के विरूद्ध कार्यवाही सहित शहर के भीतर चल रहे खटालो को एक सप्ताह में हटाना होगा। तीन अधिकारी कर्मचारी को जारी किया गया कारण बताओ सूचना पत्र।निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुए बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक में 3709 मकानों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 312 पूर्ण हो गये है तथा 2405 मकानों का निर्माण आगामी तीन माह में पूर्ण कर निर्माण एजेसी निगम को सौंपे ताकि लाटरी पद्वति से हितग्राहियों को आबंटित किया जा सके। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा निकाले गये डिजिटल वाहन का 13 दिवसीय पडाव मे भिलाई निगम क्षेत्र के 26 स्थलो पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है प्रदर्शन किया जाएगा।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम क्षेत्र में अधिक ध्वनि फैला रहे डीजे संचालक से वसूला जुर्माना

भिलाईनगर। निगम की टीम ने कोहका मुख्य मार्ग मे बारात के साथ चल रहे डीजे जो मानक क्षमता से अधिक ध्वनि फैला रहा था उसे रूकवा कर आवश्यक जाँच किये और डीजे संचालक से दस हजार रूपये अर्थ दण्ड  वसुल कर बारातियों के अनुरोध पर विवाह कार्यक्रम हेतु डीजे को छोडगयानिगम का तोडफोड दस्ता शुक्रवार को राधिका नगर सडक के किनारे विश्वकर्मा मार्केट मे दो स्थानो पर अवैध रूप से टीन शेड लगा कर किये गये कब्जे को बुलडोज़र से ध्वस्त किया। टीम  माल रोड मे फरीदनगर के पार्क साईट नामक ओयो पंजीकृत होटल पहुँची और निगम के अधिकारियों ने होटल संचालन से आवश्यक दस्तावेज की मांग किया, लेकिन पुरी कार्रवाई के दौरान भवन स्वामी उपस्थित नही हुए जाँच मे भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णतः मौके पर नही पाया गया तो निगम के भवन विभाग द्वारा नोटिस जारी कर होटल का संचालन बंद करवाया गया। टीम होटल फ्रेंड्स पहु ॅचे जहा ॅ  बाराती ठहरे हुए थे निगम की जाँच टीम ने होटल संचालक से आवश्यक दस्तावेज का अवलोकन करने के बाद ओयो बोर्ड को हटवाया और भवन पूर्णतः प्राप्त करने तक होटल को बंद रखने का पंचनाम किया। साथ ही होटल द ग्रीन रेस्ट्रो की जा ॅच में गुमस्ता एवं अनुज्ञप्ती लाईसेंस की अवधि समाप्त पाये जाने पर पा ॅच हजार रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। आज की कार्यवाही में निगम ने कुल पन्द्रह हजार रूपये दण्ड स्वरूप वसूल कर निगम कोष में जमा करवाया।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# स्कूली बच्चों को दी गई क्लीन टायलेट की जानकारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने मिशन क्लीन टायलेट कैंपेन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की स्वच्छता टीम द्वारा निकाय क्षेत्र के सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई की जा रही है, साथ नागरिकों को शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने जागरूक भी किया जा रहा है। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय सप्ताह मनाया जा रहा है। निगम भिलाई में 25 दिसम्बर तक चलने वाले क्लीन टायलेट कैंपेन में समाज के सभी वर्ग को स्वच्छता कैंपेन से जोड़ा जाना है इसी के तहत गुरूवार को स्कूल के विद्यार्थियों को सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था,सफाई, हैण्डवाश एवं फीडबैक की जानकारी दी गई। सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों पहले से और बेहतर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम क्षेत्र के नागरिकों को क्लीन टायॅलेट कैंपेन अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है। अभियान के दौरान स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचालय का भ्रमण भी करवाया गया। निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों को घर या सार्वजनिक शौचालय के उपयोग कर साफ-सफाई और रखरखाव हेतु जागरूक भी किये।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल की जयंती

# सुशासन दिवस पर विविध कार्यक्रम

भिलाईनगर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्देश राज्य शासन द्वारा दिया गया है, जिसके तहत 25 दिसम्बर को अटल उद्यान चौक वार्ड 37 संत रविदास में प्रातः 10 बजे जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की उपस्थिति में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया जाएगा। इसी दिवस अटल संध्या का आयोजन कला मंदिर सेक्टर 6 में शाम 5 बजे से कवि सम्मेलन अटल जी की कविता का पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के उभरते तथा नामी कवि , प्रबुद्ध जन भाग लेगें। कार्यक्रम निशुल्क होगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयुक्त रोहित व्यास ने जोन आयुक्त येशा लहरे, पूजा पिल्ले एवं अजय शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 968 ने भरे योजना के आवेदन

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर 968 नागरिकों ने शिविर स्थल पर पहुंच कर योजन के लिए आवेदन जमा किये । महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, एम.आई.सी.सदस्य लालचंद वर्मा,पार्षद महेश वर्मा आयुक्त रोहित व्यास अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर मंगल बाजार कोहका एवं हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला मे शिविर का शुभारंभ किविकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का लाभ लेने तथा योजना को जानने समझने के लिए रविवार को 5 हजार से अधिक नागरिकगण शिविर स्थल पर पहुँचे उनमे खासा उत्साह देखा गया । लोग शिविर मे पहुँच कर शासन द्वारा चलाए जा रहे जनहितैषी योजनाओ के फार्म भर रहे है स्थल पर ही जिला स्वास्थ विभाग के डाक्टर मौजुद है लोग अपना परीक्षण करवा कर निःशुल्क दवा प्राप्त कर रहे है। अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के गोद भराई योजना के तहत लक्ष्मी देवांगन,यामिनी,प्रमिला साहू, आरती वर्मा मधु वर्मा को किट तथा स्वस्थ शिशु के लिए हर्षित वर्मा, कुशल निषाद, सारांश, लक्ष्य वर्मा नन्हे बच्चो को सुपोषण प्रमाण पत्र प्रदान किये। शिविर स्थल पर जनप्रतिनिधियों उपस्थित नागरिको, अधिकारी कर्मचारियों ने भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प लिए.। शासकीय स्कुल के बालक बालिकाओं ने छत्तीसगढी संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिविर में पूर्व पार्षद राजेश प्रधान, अनिता वर्मा सहित क्षेत्र के नागरिक अधिकार कर्मचारी उपस्थित रहे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में लाभ के लिए नागरिक कर रहे आवेदन

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आरसीसी पानी टंकी केम्प 02 एवं सेक्टर 10 गणेश मंच में गुरूवार को रहा । शिविर स्थल पर शासकीय योजना का लाभ उठाने नागरिकों की भीड़ रही। संकल्प शिविर में 5354 नागरिक शामिल हुए और योजनाओं से लाभान्वित होने 986 लोगो ने फार्म भरे। शिविर का शुभारंभ क्षेत्र के पार्षद सत्यवती जायसवाल एवं पार्षद विनोद चेलक, त्रिलोचन सिंह, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, डे नोडल वेशराम सिन्हा, संजय बागड़े, बी.के.वर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, अजय गौर,आलोक पसिने दिप्ती साहू विनिता वर्मा, वशीम खान,श्वेता वर्मा, शरद दुबे ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित किये इसके पश्चात उपस्थित नागरिको ने भारत को विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने का संकल्प भी लिए । शिविर में उज्जवला योजना के गैस कीट ए.धरधा नायडू, बेबी साव, स्वनिधि योजना के अरूण सिंदे, सुपोषित बच्चों के रूप में प्रियांश तांडी, अराध्या निषाद को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चंचल, पूजा देशलहरे का अतिथियों ने गोदभराई की रस्म अदायगी की। शुक्रवार को शिवालय ग्राउण्ड (वार्ड 38 एवं 39)एवं सड़क 15 के समीप (बोरिया मार्केट) के पास आयोजित किया गया है।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# कोविड-19 के नियंत्रण के लिए बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नया रायपुर द्वारा जारी निर्देश के संदर्भ में कोविड-19 के संक्रमण की संभावनाओ को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयुक्त रोहित व्यास एवं कोरोना महामारी नियंत्रण दुर्ग के नोडल अधिकारी डाॅ. सी.बी.एस बंजारे ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि देश के अन्य राज्यों में कोविड-19 के बढ़ते प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोविड-19 के रोकथाम एवं प्रबंधन किये जाने हेतु संक्रमण की त्वरित पहचान, जाॅच एवं उपचार किया जाना आवश्यक हैं जिले की स्वास्थ्य संस्थाओ की ओ.पी.डी. में सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षणों के साथ आने वाले रोगी एवं एसएआरआई के भर्ती मरीजों का शत-प्रतिशत कोविड जाॅच अनिवार्य रूप से किया जाना है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलो को निर्देशित किया है कि वर्तमान में भारत के कुछ राज्यो में कोविड संक्रमण में वृद्वि दर पायी गई है, यघपि कोविड-19 को संक्रमण नियंत्रण में है, परन्तु कोविड-19 का विषाणु के संक्रमण के प्रसार पर निगरानी रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगामी नववर्ष एवं त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कोविड गाईडलाईन के अनुसार दो गज दुरी, मास्क की अनिवार्यता जैसे नियमो का पालन नागरिको से करवाना होगा। जिले के प्रत्येक शासकीय एवं निजी चिकित्सालयो में कोविड-19 के क्रियाशीलता दवाओ की उपलब्धता एवं अन्य तैयारियो की आकलन के लिए माॅकड्रिल किया जायेगा। दुर्ग जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय, सुपेला अस्पताल आदि स्थानो पर कोविड-19 के जाॅच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



# उज्जवला योजना से मिला सिलेण्डर, अब चूल्हे के धुएं से मिलेगी मुक्ति

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर का आज 8वां दिन खुर्सीपार शिवालय प्रांगण और सेक्टर 04 बोरिया मार्केट आयोजित हुआ। संकल्प यात्रा शिविर में महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेण्डर प्रदान किया जा रहा है, शिविर में सिलेण्डर मिलने से महिलाएं खुशियों से उत्साहित नजर आई, अब खाना बनाने के दौरान चूल्हे के धुंए से मुक्ति मिलेगी। आज निगम क्षेत्र के दो स्थान पर लगे शिविर 5703 नागरिक शामिल हुए और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए लगाए गए स्टाॅल में जानकारी लिए और योजना का लाभ लेने 1196 लोगो ने आवेदन फार्म भी भरे। शिविर में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, पार्षद पीयूष मिश्रा ,विनोद सिंह, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद ईश्वरी साहू, भाजपा जिला महामंत्री योगेन्द्र सिंह, पूर्व सभापति श्याम सुन्दर राव, पूर्व पार्षद रिंकू साहू, स्वीटी कौशिक, सत्यम व्यास, रामप्रित पासवान, श्रीनूराव, मंजीत सिंह, मनीष चौधरी, सुदर्शन राव, राजू श्रीवास्तव ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित के पश्चात उपस्थित नागरिको को भारत को विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाये।




नगर पालिक निगम भिलाई

# गर्भवती महिला एवं बच्चों को मिल रहा पोषण आहार कीट

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 6 माह पूर्ण करने वाली गर्भवती माता की गोदभराई के साथ ही उन्हें पोषण आहार कीट दिया जा रहा है,वही बच्चों को पोषक तत्वों से भरपूर  कीट देकर परिवारजनों को बच्चों के खानपान की जानकारी दी जा रही है। सैंकड़ो की संख्या में लोग निःशुल्क बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप की जांच कराकर डाॅक्टरों की सलाह अनुसार दवाईयां भी ले रहे है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संकल्प शिविर का 10वां दिन खुर्सीपार पोष्ट आफिस ग्राउंड और सिविक सेंटर पार्किंग स्थल पर आयोजित हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी शिल्पा तिवारी एवं पर्यवेक्षक दीपशिखा ने बताया कि 22 दिसंबर से आयोजित शिविर में अब तक 20 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का आयोजन कर उनके परिजन को गर्भावस्था के दौरान देखभाल, खानपान की पूरी जानकारी देने के साथ उन्हें रेडी टू ईट पैकेट, फल सब्जियां, रागी, गुड़, चना व अन्य पोषक तत्वों तथा सुहाग की सामग्री का कीट स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदान किया जा चुका है साथ ही कुपोषित बच्चों को भी रेडी टू ईट का व्यंजन बनाकर वितरण किया जा रहा है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।



**Editorial Board**

श्री देवेश कुमार ध्रुव
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री शरद दुबे
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई